दिनांक : 08.05.2024 समय : 02.10 pm

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

चुनाव प्रचार

चौथे चरण में के लिए प्रदेश में चुनाव प्रचार चरम पर है आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा खण्डवा, लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह नीमच, मंदसौर, पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर उज्जैन, रतलाम व इंदौर, प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा इंदौर लोकसभा क्षेत्र में प्रचार कर रहे है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज मंदसौर लोकसभा क्षेत्र के गरोठ विधानसभा के भानपुरा में जनसभा को संबोधित किया। वहीं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने नेपानगर में कार्यकर्ता बैठक को संबोधित किया। कांग्रेस सहित अन्य दल और निर्दलीय भी आज प्रचार में जुटे हुए है।

....

प्रधानमंत्री करीमनगर रैली

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने पिछले दस वर्षों के दौरान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन—एनडीए सरकार की उपलब्धियों का श्रेय लोगों को दिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें मिले वोट ने भारत को रक्षा आयातक से रक्षा निर्यातक देश बनाया और कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटा दिया गया। आज सुबह आंध्र प्रदेश के करीमनगर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के वेमुलावडा की एक जनसभा में श्री मोदी ने तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति—बीआरएस और कांग्रेस की निन्दा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और बीआरएस की नीति परिवार प्रथम की है जबकि भाजपा की प्रतिबद्धता राष्ट्र प्रथम की नीति के प्रति है। इससे पहले श्री मोदी ने वमुलावडा के श्री राजा राजेश्वर स्वामी देवस्थानम में पूजा अर्चना की।

....

मतदाता जागरुकता

लोकसभा के चुनाव के चौथे चरण के लिए प्रदेश की 8 सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। इसको लेकर जनजागरुकता के कार्यक्रम जारी है। मंदसौर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कल चलें बूथ की ओर'' अभियान में जनपद पंचायत भानपुरा में भाग लिया। अभियान के दौरान कलेक्टर ने वोटर इनफॉरमेशन स्लिप वितरण कार्य का जायजा लिया। वहीं आज सुबह गांधी चौराहा मंदसौर से पीजी कॉलज ग्राउण्ड तक मैराथन दौड़ का भी आयोजन किया जाएगा।

....

जनता की आवाज—आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज— आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया गया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा वोट डालने के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

....

विश्व रेड क्रॉस दिवस

विश्व रेडक्रॉस और रेड क्रिसेंट दिवस आज संरक्षण, सहायता, स्वास्थ्य सेवा, सामाजिक सहायता और एकजुटता की आवश्कयता वाले लोगों के साथ काम करने वाले लाखों कर्मचारी और स्वयंसेवकों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए मनाया जा रहा है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष आठ मई को अंतराष्ट्रीय रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट आन्दोलन की विचारधारा और मानवीय कार्य के सम्मान में मनाया जाता है। यह आन्दोलन आठ करोड लोगों का एक विश्वस्तरीय मानवीय नेटवर्क है। यह नेटवर्क आपदा, संघर्ष और स्वास्थ्य तथा सामाजिक समस्या का सामना करने वाले लोगों की सहायता करता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बधाई देते हुए कहा कि संगठन के स्थापना दिवस पर उन सभी स्वयंसेवियों को नमन, जिन्होंने निःस्वार्थ समर्पण भाव से आपातकाल में मानवता की सेवा की। विषम परिस्थितियों में जरूरतमंद नागरिकों की सेवा ने विश्व को सदैव त्याग, सहयोग और समर्पण का संदेश दिया है।

....

मौसम

राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के कई जिलों में तेज गर्मी का सितम जारी है। दमोह में कल पारा रिकॉर्ड 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, नौगांव, गुना, खंडवा, टीकमगढ़ और शिवपुरी में पारा 43 डिग्री के पार पहुंच गया। मौसम विभाग ने अगले 4 दिन तक ऐसा ही मौसम बने रहने का अनुमान जताया है। आज ग्वालियर, दतिया, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, मैहर, दमोह, खरगोन और खंडवा में लू का अलर्ट है जारी किया गया है । वहीं नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, जबलपुर, मंडला, डिंडोरी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी और सीधी में बादल और तेज हवा का मौसम रहेगा। इस बीच कल भोपाल में सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। यहां तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। नौगांव, गुना, खंडवा, टीकमगढ़ और शिवपुरी में पारा 43 डिग्री के पार ही रहा। जबकि पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा। यहां तापमान 35.8 डिग्री दर्ज किया गया।

....

बस में आग

बैतूल लोकसभा क्षेत्र के लिए कल हुए मतदान के बाद ईवीएम और मतदान कर्मियों को लेकर लौट रही बस में अचानक आग लग गई। कलक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि जिले के छह मतदान केंद्रों से मतदान सामग्री और कर्मचरियो को लेकर यह बस बैतूल आ रही थी। जिले के साईंखेड़ा थाना क्षेत्र के बिसनूर और पौनी गौला गांवों के बीच यह हादसा हुआ। कलेक्टर ने बताया कि हादसे में सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि बस में कल 6 मतदान केदो की ईवीएम मशीन वह अन्य सामग्री रखी हुई थी जिसमें से दो मतदान केंद्र की सामग्री पूरी तरह सुरक्षित है और चार मतदान केंद्रों की सामग्री में नुकसान हुआ है। कलेक्टर ने कहा कि घटना की रिपोर्ट चुनाव आयोग को भेजी जाएगी और वहां से जैसे निर्देश मिलेंगे उसका पालन किया जाएगा। आग लगने की घटना रात्रि करीब 11:00 बजे की है।

....